प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

मुख्य समाचारः—

- छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की गई।
- नगरीय निकाय चुनाव के लिए ग्यारह फरवरी को मतदान होगा। जबकि, त्रिस्तरीय पंचायतों के लिए तीन चरणों में — सत्रह, बीस और तेईस फरवरी को वोट डाले जाएंगे।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल एक दिवसीय प्रवास पर रायपुर आएंगे।
- गरियाबंद जिले में आज सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए।

<u>नगरीय निकाय चुनाव—घोषणा—01</u>

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव के लिए तारीखों की घोषणा कर दी गई है। इसी के साथ ही प्रदेशभर में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। एक चरण में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के लिए ग्यारह फरवरी को मतदान होगा। जबकि, त्रिस्तरीय पंचायतों के लिए तीन चरणों में — सत्रह, बीस और तेईस फरवरी को वोट डाले जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने आज रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में चुनाव कार्यक्रम घोषणा की। उन्होंने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव ईव्हीएम और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मतपेटी के माध्यम से कराए जाएंगे। नगरीय निकाय के चुनाव दलीय आधार पर होंगे। वहीं, पंचायत चुनाव गैर—दलीय आधार पर होगा।

नगरीय निकाय चुनाव के तहत प्रदेश के दस नगर पालिक निगम, उनचास नगरपालिका परिषद और एक सौ चौदह नगर पंचायतों में आम चुनाव होंगे। इन नगरपालिक निगमों में जगदलपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, धमतरी, रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, अंबिकापुर और चिरमिरी शामिल हैं। वहीं, नगरपालिक निगम भिलाई के वार्ड

क्रमांक – चौबीस और पैंतीस, नगरपालिक निगम भिलाई–चरौदा के वार्ड क्रमांक–बत्तीस, नगरपालिक निगम रिसाली के वार्ड क्रमांक–चौंतीस और नगर पंचायत कोंटा के वार्ड क्रमांक – तेरह में उपचुनाव भी कराए जाएंगे।

नगरीय निकाय चुनाव–घोषणा–02

वहीं, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत निर्वाचन की अधिसूचना तीनों चरणों के लिए एक साथ सत्ताईस जनवरी को जारी की जाएगी और इसी के साथ ही नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख तीन फरवरी निर्धारित की गई है। नामांकन पत्रों की जांच चार फरवरी को की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि छह फरवरी है। संबंधित त्रिस्तरीय पंचायतों में तीन चरणों में – सत्रह, बीस और तेईस फरवरी को वोट डाले जाएंगे और इसी दिन मतदान केन्द्रों में मतगणना होगी। आवश्यक होने पर खंड मुख्यालय पर वोटों की गिनती अट्ठारह, इक्कीस और चौबीस फरवरी को की जाएगी। पंच, सरपंच और जनपद पंचायत के मामले में खंड स्तर पर चुनाव परिणाम की घोषणा क्रमशः उन्नीस, बाईस और पच्चीस फरवरी को घोषित की जाएगी। इसी तरह, जिला पंचायत सदस्य के मामले में जिला मुख्यालय पर बीस, तेईस और पच्चीस फरवरी को चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे।

उपराष्ट्रपति–छत्तीसगढ़

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल इक्कीस जनवरी को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। उपराष्ट्रपति अपनी यात्रा के दौरान, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान–एनआईटी रायपुर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईटी भिलाई, भारतीय प्रबंधन संस्थान–आईआईएम रायपुर के छात्रों के साथ 'बेहतर भारत के निर्माण के लिए विचार' विषय पर एक संवाद सत्र की अध्यक्षता करेंगे।

केन्द्रीय मंत्री–गिरिराज सिंह–दौरा

केन्द्रीय टेक्सटाईल मंत्री गिरिराज सिंह ने छत्तीसगढ़ के अपने तीन दिवसीय प्रवास के दौरान आज रायपुर के भनपुरी स्थित रेशम उद्योग संस्थान का निरीक्षण किया। केन्द्रीय मंत्री ने भिलाई पहुंचकर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान परिसर का अवलोकन किया और यहां बैठक भी ली।

विधानसभा अध्यक्ष–राष्ट्रपति मुलाकात

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। इस अवसर पर डॉक्टर सिंह ने छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष में प्रवेश करने की जानकारी देते हुए राष्ट्रपति को राज्य के विकास और संस्कृति से अवगत कराया और छत्तीसगढ़ से जुड़े विभिन्न प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की। इसके साथ ही विधानसभा अध्यक्ष ने राष्ट्रपति को आगामी अप्रैल माह में विधानसभा में प्रबोधन के लिए आमंत्रित किया।

माओवादी–मुठभेड़

गरियाबंद जिले में आज सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए हैं। घटनास्थल से मारे गए माआवोदियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मौके से एक ऑटोमेटिक सेल्फ लोडिंग रायफल भी बरामद की गई है। इस मुठभेड़ में कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हुआ है। घायल जवान को एयर लिफ्ट कर राजधानी रायपुर लाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ और ओडिशा के जवान संयुक्त रूप से सर्चिंग पर निकले थे। इसी दौरान कुल्हाड़ी घाट के जंगलों में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। क्षेत्र में तलाशी अभियान जारी है।

इस पूरे अभियान की ओड़िशा पुलिस के डीआईजी नक्सल ऑपरेशन, गरियाबंद एसपी और कोबरा की दो सौ सात बटालियन के कमांडेंट मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत भूमिहीन कृषि मजदूरों को दस हजार रुपये सालाना आर्थिक सहायता दी जाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कुल पांच लाख बासठ हजार एक सौ बारह हितग्राहियों को इस योजना का लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत पांच सौ बासठ करोड़ ग्यारह लाख बीस हजार रुपये भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रदान किए जाएंगे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न नगरीय निकायों में एक सौ पचपन करोड़ अड़तीस लाख रुपए के आठ सौ तेरह विकास कार्यों का शिलान्यास और पन्द्रह करोड़ पच्चीस लाख रुपए के सत्तर विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वच्छता दीदियों के मानदेय में आठ सौ रूपये की वृद्धि करने की घोषणा की। अब स्वच्छता दीदियों को हर महीने आठ हजार रूपये मानदेय मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने एक सौ तीन परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति पत्र भी सौंपें। साथ ही मुख्यमंत्री ने क्लीन टायलेट कैम्पेन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के अंबिकापुर, छुरा, छुरिया, डोंगरगढ़, कोरबा, महासमुंद, रायपुर, राजनांदगांव और बिलासपुर सहित चौदह नगरीय निकायों को सम्मानित किया।

सुप्रीम कोर्ट–एसबीआर कॉलेज मैदान

सुप्रीम कोर्ट ने बिलासपुर के एसबीआर कॉलेज मैदान की जमीन पर अहम फैसला सुनाते हुए कहा है कि इस भूमि पर ट्रस्ट का नहीं, बल्कि शासन का अधिकार है। कोर्ट ने बिलासपुर हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच द्वारा दिए गए फैसले को बरकरार रखते हुए एसबीआर कॉलेज मैदान के खरीदारों द्वारा दायर की गई दोनों याचिकाओं को खारिज कर दिया। साथ ही, कोर्ट ने खरीदारों को आदेश दिया है कि यदि वे चाहें, तो विक्रेता से अपनी राशि वापस ले सकते हैं।

हाईकोर्ट–चाइनीज मांझा

राजधानी रायपुर में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से कल हुई सात वर्षीय बालक की मौत के मामले को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान में लिया है। कोर्ट ने इस मामले पर गंभीर नाराजगी जताते हुए राज्य के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। मुख्य न्यायाधीश की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के दौरान यह पूछा कि प्रतिबंध के बावजूद भी चाइनीज मांझा बाजार में कैसे उपलब्ध है। इस मामले की अगली सुनवाई उनतीस जनवरी को होगी।

गौरतलब है कि कल रायपुर के पचपेड़ी नाका इलाके में सात साल के एक बच्चे की चाइनीज मांझा से गला कटने से मौत हो गई थी। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम की टीम ने आज राजधानी की कुछ पतंग दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया और कुछ बंडल चाइनीज मांझा जब्त भी किया है।

दुर्घटना

कोडागांव जिले में आज एक स्कूल बस और ट्रक के बीच हुई टक्कर में बस ड्राईवर और एक शिक्षक की मौत हो गई है। वहीं, बस में सवार तीस बच्चे घायल हो गए हैं, जिन्हे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तीस पर चिखलपुटी स्थित नया बस स्टैंड के पास देर रात स्कूली बच्चों से भरी बस सामने से आ रही ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में बस चालक और एक सहायक शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि स्कूली बच्चों का यह दल अपने शिक्षकों के साथ मोहला–मानपुर से बस्तर भ्रमण के लिए गया था। वापसी के दौरान यह दुर्घटना हुई।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज जिला अस्पताल पहुंचकर सड़क दुर्घटना में घायल मोहला मानपुर जिले के स्कूली बच्चों का हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों को बच्चों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गंभीर रूप से घायल चार बच्चों को रायपुर रिफर करने के निर्देश दिए हैं।

## मौसम

प्रदेश में कल से न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने के साथ ही ठंड में कमी आ सकती है। न्यूनतम तापमान में वृद्धि का दौर कल से लेकर तेईस जनवरी तक संभावित है। कल प्रदेश में मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

- खो–खो विश्व कप में भारत की महिला और पुरुष टीमों ने विश्व कप खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि पर भारतीय पुरुष और महिला टीम को बधाई दी है।
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में परलकोट मुक्ति आंदोलन के नायक और आदिवासियों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले अमर शहीद गेंदसिंह के शहादत दिवस पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

<><><><>